हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026





## खबर संक्षेप

### विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने किया पुलिया निर्माण का भूमि पूजन

**राजपुर।** नरसिंहपुर मरकाडांड महान नदी पर लगभग दस करोड़ रुपए की लागत से होने वाले पुलिया निर्माण का भूमि पूजन सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि प्रदेश की सरकार लगातार जनता के लिए लोकहित में कार्य कर रही है। बीते कुछ वर्षों से क्षेत्र में क्षेत्र का विकास रुक सा गया था लेकिन अब विकास कार्य लगातार जनता के मांगो के अनुरूप किया जा रहा हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, शिवनाथ जायसवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान धर्मपाल जायसवाल, उदय यादव, बबलू यादव, सरपंच शंभू राम शांडिल्य, सतेंद्र यादव, प्रकाश यादव, साधु राम, उद्देश्य यादव, सुखनंदन राम, देव साय टेकाम, झरी राम, ईश्वर राम, प्रवीण सिंह, पप्पू राम सहित ग्राम परसागुड़ी, चिलमा, दुप्पी, मरकाडांड, चौरा क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन नरसिंहपुर उपसरपंच सतीश सिंह ने किया।

### पेंशन संशोधन से पेंशनरों में नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर फेडरेशन ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौप 8 वें वेतन आयोग द्वारा पेंशन संशोधन निर्धारण का लाभ सभी पेंशनर को देने का प्रावधान किया गया है जिससे पेंशनरों में असंतोष ब्याप्त है।संगठन ने केंद्र सरकार की घोषणा का पूरा लाभ राज्य सरकार द्वारा नहीं देने का आरोप लगया है। संगठन ने चार श्रम कानून ,नई शिक्षा नीति को वापस लेने एवं पुरानी पेंशन योजना लागू करने,पेंशनरों को कोविड पूर्व जारी रेल किराया रियायत हवाई जहाज यात्रा की सुविधा बहाल करने, पेंशनरों की आय को आयकर से छूट देने की मांग की है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह निवासी घुरन राम आ. टोरी (45 वर्ष) सोमवार को परिवार के सदस्य गांव में शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घूरन राम ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया और डिब्बा को हाथ में पकड़ कर रखा था। इसी बीच भतीजा श्याम घर पहुंचा तो चाचा के हाथ में कीटनाशक का डिब्बा व चाचा की तबीयत बिगड़ते देख घटना की सूचना परिजन को दी। घटना की जानकारी लगने पर परिजन तत्काल घर पहुंचे और घूरन को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** कुनकुरी थाना अंतर्गत ग्राम खजूर बहार निवासी संजय एक्का आ. स्व. बेलजामिन एक्का (35 वर्ष) गुरूवार को तपकरा अंतर्गत ग्राम मकसपाली निवासी बहर के ससुराल गया था। दूसरे दिन बाइक से अकेल घर वापस लौटने लगा और जैसे ही खजूर बहार और रेमते के बीच नदी के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मौके पर ही अचेत हालत में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को संजीवनी 108 वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

---

स्टेट हाईवे का बनकोम्बो सारंगडांड़ बना मौत का मोड़

# अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर, ग्रामीणों ने बचाई चालक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चराईडांड़ बतौली स्टेट हाईवे का बनकोम्बो सारंगडांड़ हिस्सा मौत का मोड़ बन चुका है, जहां हर गुजरने वाला पहिया खतरे के साये में चलता है। बीती रात करीब साढ़े 9 बजे एक बार फिर इस खतरनाक अंधे मोड़ पर बोकारो से सरिया लोड कर अनूपपुर जा रहा ट्रेलर क्रमांक जेएच 9 बीएन 2366 अचानक मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया।



हादसे की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के घरों में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह दब चुका था और चालक उसी में फंसा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा था। ग्रामीणों ने बिना देर किए जान जोखिम में डालकर राहत कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को बाहर निकाला। तुरंत नारायणपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। अगर कुछ मिनट और देरी होती, तो यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। स्थानीय लोगों के मुताबिक सारंगडांड़ का यह "अंधा मोड़" हर महीने 2 से 4 हादसों का गवाह बन रहा है। कई परिवार इस मोड़ की वजह से अपनों को खो चुके हैं, लेकिन सिस्टम अब भी खामोश है। यहां न तो कोई चेतावनी बोर्ड है, न ही स्पीड कंट्रोल की कोई व्यवस्था यानी सड़क पर चलता हर वाहन खुद अपनी किस्मत के भरोसे है।

#### कब जागेगा विभाग

लोगों का कहना है कि बनकोम्बो से नारायणपुर कपरीनाला तक 3 से 4 खतरनाक ओर अंधा मोड़ है विभाग की लाफ़रवाही इतनी चरम पर है कि कंन्ही भी चेतावनी के सांकेतिक बोर्ड नही लगाया गया है। सारंगडाँड़ में अगर समय रहते इस "अंधा मोड़" पर पेड़ों की छंटाई कर दी जाए, दोनों ओर बड़े-बड़े चेतावनी के संकेतक बोर्ड लगा दिए जाएं तो 95% हादसे रोके जा सकते हैं। लेकिन सवाल यही है कि आखिर विभाग कब जागेगा?

#### फिर एक नए हादसे का इंतजार

फिलहाल, सारंगडांड़ का यह मोड़ हर दिन एक नए हादसे का इंतजार करता नजर आ रहा है और हर गुजरती गाड़ी के साथ दहशत भी दौड़ रही है। अब देखना यह है कि जिम्मेदारों की नींद कब टूटती है या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही चेतना आएगी।

#### संकेतक नहीं

मोड़ की सबसे खतरनाक बात यह है कि इसके एक छोर में घने और ऊंचे पेड़ खड़े हैं, जो पूरी तरह दृश्यता को खत्म कर देते हैं। सामने से आ रही गाड़ी आखिरी पल में नजर आती है और तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। चालक के पास न संभलने का मौका होता है, न बचने का रास्ता और बस एक झटके में सब कुछ खत्म!

#### ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों का गुस्सा अब साफ दिखने लगा है। सरपंच सहित अन्य स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों को शिकायत करने के बावजूद विभाग ने न तो पेड़ों की छंटाई कराई और न ही चेतावनी संकेतक लगाए। हर हादसे के बाद सिर्फ अफसोस जताया जाता है, लेकिन जमीनी कार्रवाई शून्य है।

---

# जल संरक्षण के लिए साव से मिली प्रियंवदा




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- उप मुख्यमंत्री ने दिया सहयोग का आश्वासन

आने वाली पीढ़ी को भीषण जल संकट से बचाने के लिए जल संरक्षण आवश्यक है। इसके लिए शहर के नदी-नालों सहित पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षित करना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव ने उक्त बातें उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात के दौरान कही। वे उप मुख्यमंत्री साव से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात करने पहुंची थी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को बताया कि हाल में जल संरक्षण के लिए उन्होनें शहर के बुद्दिजीवियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया था,इसमें सभी ने शहर में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताते हुए,एकजुट हो कर काम करने की इच्छा जताई है। प्रियंवदा ने बताया कि इस बैठक में शहरवासियों ने नगर की जीवन रेखा कहलाने वाली बांकी नदी के सिमटते हुए अस्तित्व पर चिंता जाहिर करते हुए,इसे संरक्षित करने पर जोर दिया है। इस पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने शासन स्तर पर हर संभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए प्रियवंदा सिंह जूदेव के पहल की सराहना की।

---

# फरसाबहार में प्रशासन की टीम ने रूकवाया बाल विवाह

**जशपुरनगर।** जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ग्राम फरसाबहार (नेगीटोली) में नाबालिग की शादी की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और शादी के दूसरे दिन मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवा दिया। संयुक्त टीम ने परिजनों को कानून की जानकारी दी, समझाइश दी और भविष्य में ऐसा नहीं करने की शपथ भी दिलाई। यह पूरी कार्रवाई कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय शर्मा के निर्देशन में की गई। प्रशासन की तत्परता से एक नाबालिग का भविष्य सुरक्षित हो सका। शनिवार 25 अप्रैल को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना मिली कि फरसाबहार (नेगीटोली) में बाल विवाह कराया गया है। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन, आईसीपीएस, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना टीम तथा जीवन झरना संस्था की संयुक्त टीम तत्काल गांव पहुंची। मौके पर पहुंची टीम ने परिवार के सदस्यों, ग्रामीणों और संबंधित लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी।



### स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक संघ ने विवादित प्रदेश उपाध्यक्ष को हटाया

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के मामले में सरगुजा क्षेत्र के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश जायसवाल को उनके पद से हटा दिया है। संगठन ने पूर्व उपाध्यक्ष को अपने निजी वाहन में लगाए गए प्रदेश उपाध्यक्ष का बोर्ड तत्काल हटाने का निर्देश दिया है साथ ही उनके किसी भी कार्य या वक्तव्य के लिए उत्तरदायी नहीं होने का उल्लेख किया है। मालूम हो कि कुछ दिनों पूर्व युवकों ने आपत्तिजनक स्थिति में उन्हें पकड़ा था तथा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप उनके विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की थी। सोशल मीडिया में घटना वायरल होने पर संगठन ने संविदा शिक्षक को प्रदेश उपाध्यक्ष पद से हटा दिया है।

# महिला आरक्षण नहीं परिसीमन का विरोध कर रही है कांग्रेस : विद्यावती

**जशपुरनगर।** जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने से पहले पिछले दरवाजे से परिसीमन करने का भाजपा और उसके सहयोगी दलों के प्रयास का कांग्रेस विरोध कर रही है ना कि महिला आरक्षण का।

महिला आरक्षण बिल 2023 में संसद से पारित हो कर,राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून बन चुका है। रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र की विधायक विद्यावती सिदार ने उक्त बातें कहीं। वे जिला कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शासन-प्रशासन में अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व देना कांग्रेस की प्राथमिकता रही है। देश को इंदिरा गांधी के रूप में पहली महिला प्रधानमंत्री कांग्रेस ने ही दिया है। इसके साथ मीरा कुमार के रूप में पहली लोकसभा अध्यक्ष,पहली महिला राजदूत विजय लक्ष्मी पंडित कांग्रेस ने ही दिया है। ऐसे में भाजपा और उसके सहयोगी दलों का आरोप पूरी तरह से बेमानी है। मिडिया के सवालों का जवाब देते हुए विधायक सिदार ने कहा कि हाल ही में लोकसभा में एनडीए द्वारा प्रस्तुत किया गया नारी शक्ति वंदन संशोधन विधायक पूरी तरह से पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हो रहे चुनाव से प्रेरित था।




---




# कोमड़ो में फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत सारूडीह में आयोजित जिला स्तरीय फ्लड लाइट नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार देर रात रंगारंग समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में प्रभाकर जिम 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगीबहर को हराकर खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि विक्रमादित्य सिंह जूदेव और जया सिंह जूदेव मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत सहित कई गणमान्य नागरिक, आयोजन समिति और बड़ी संख्या में दर्शक शामिल हुए। फाइनल मैच में सिंगीबहर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 8 विकेट पर 76 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रभाकर जिम 11 ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 9 ओवर में ही 77 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि के हाथों 1 लाख रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर तालमेल से काम कर रही हैं। खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

# रफ्तार का कहर, स्कूटी सवार शिक्षिकाओं को ट्रक ने कुचला एक की मौके पर मौत, दूसरी का अस्पताल में इलाज जारी

**वाड्रफनगर।** वाड्रफनगर–रामानुजगंज मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। स्कूल जा रही दो शिक्षिकाएं तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गईं, जिसमें एक शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल का शिक्षिका अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रही है।

जानकारी के अनुसार, करमडीहा स्कूल में पदस्थ शिक्षिकाएं रामकली मिंज लैब सहायक और रजनी केवट शनिवार की सुबह स्कूटी से विद्यालय जा रही थीं। जैसे ही शिक्षिकाएं बसंतपुर थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों शिक्षिकाएं सड़क पर दूर जा गिरीं। दुर्घटना में रामकली मिंज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रजनी केवट गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल शिक्षिका को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम द्वारा इलाज किया जा रहा है।



चिकित्सकों के अनुसार, रजनी केवट की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें लगातार निगरानी में रखा गया है। इधर घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही बसंतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### लाइन हाजिर हुए साइबर सेल प्रभारी समेत दो प्रधान आरक्षकों का सूरजपुर जिले से बाहर तबादला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के कुमेली घाट जुआ प्रकरण में दो दिन पूर्व लाइन हाजिर किए गए साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश यादव एवं दो प्रधान आरक्षक आनंद सिंह व उदय सिंह को आईजी ने जिले से बाहर तबादला कर दिया है। 24 अप्रैल को आईजी कार्यालय से जारी आदेश में सूरजपुर जिले के पूर्व साइबर सेल प्रभारी रहे राकेश यादव को सूरजपुर से जिला जशपुर, प्रधान आरक्षक क्रमांक 50 आनंद सिंह को सूरजपुर से जिला बलरामपुर एवं प्रधान आरक्षक क्रमांक 165 उदय सिंह को सूरजपुर से जिला एमसीबी स्थानांतरित किया गया है। उक्त तबादला आदेश प्रशासनिक आधार पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यंत तक स्थानांतरित किए जाने का उल्लेख किया गया है।



# स्व. शत्रुंजय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ

**जशपुरनगर।** स्व.शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रणजीता स्टेडियम में 25 अप्रैल को विधायक रायमुनि भगत के मुख्य आतिथ्य में शानदार आगाज हुआ। जशपुर और आसपास के खेल प्रेमियों के लिए उत्साह और रोमांच से भरे इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों की कुल 40 टीमों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की है।

इस टूर्नामेंट के प्रथम पुरस्कार की राशि 3 लाख 11 हजार रुपये और द्वितीय पुरस्कार की राशि 1 लाख 51हजार 111 रुपये रखी गई है। इस प्रतियोगिता में आगरा, भुवनेश्वर, कटक, रांची, अंबिकापुर और हजारीबाग सहित कई बड़े शहरों की दिग्गज टीमें हिस्सा लेने पहुंची हैं। मैदान पर होने वाली हर एक गेंद और चौके-छक्के का रोमांच दर्शक घर बैठे भी देख सकते हैं। पूरे टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण 'यंग तिरंगा' के आधिकारिक यूट्यूब पेज पर किया जा रहा है।

#### दर्शकों से भरा मैदान

पहले दिन के मैचों के साथ ही जशपुर का खेल मैदान दर्शकों की भारी भीड़ और उत्साह से गूंज उठा है। खेल विशेषज्ञों और आयोजकों का मानना है कि यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र में खेल भावना को भी नया आयाम देगा।

---

जशपुर के 1 लाख 54 हजार से अधिक महिलाओं को मिला योजना का लाभ

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मिली मुक्ति

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के संकल्प के साथ प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे और उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन आए। इसी उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं।



जशपुर जिले में 1 लाख 54 हजार से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ दिया गया है। इस योजना से महिलाओं को रसोई में धुएँ से मुक्ति मिल रही है तथा उनका जीवन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बन रहा है। जशपुर जिले के विकासखंड बगीचा में हाल ही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित किए गए।

इस अवसर पर लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। विकासखंड बगीचा निवासी श्रीमती क्रांति यादव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों गैस सिलेंडर प्राप्त कर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि अब उन्हें पारंपरिक चूल्हे के धुएँ से छुटकारा मिलेगा। पहले रसोई में धुएं के कारण आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होती थी, लेकिन अब गैस कनेक्शन मिलने से वे स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में आसानी से भोजन बना सकेंगी।

इसी प्रकार ग्राम मड़यिा निवासी श्रीमती फूलमती नगेसिया ने बताया कि वे अब तक लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाती थीं। धुएँ के कारण घर का वातावरण खराब हो जाता था और उन्हें काफी असुविधा होती थी। निःशुल्क गैस कनेक्शन मिलने से अब खाना जल्दी और साफ-सुथरे तरीके से बन सकेगा। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके लिए बहुत राहत लेकर आई है।

# सुशासन तिहार को लेकर समीक्षा बैठक, योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत शंकरगढ़ के जनपद सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

एसडीएम अनमोल टोप्पो द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारी, सचिव एवं सरपंचों के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। समीक्षा के दौरान भूमि संबंधी प्रकरण, मनरेगा के लंबित मजदूरी भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं पेयजल समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं, आंगनबाड़ी, स्वच्छता एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया गया।

4 बेलटीकरी छपोरा में हो रहा अवैध उत्खनन




## खबर संक्षेप

### पात्र हितग्राहियों को मांग पत्र वितरण

**रायगढ़।** प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी की उपस्थिति में केलो विहार शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायगढ़ के पंजीकृत सदस्यों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री चौधरी ने समिति के सदस्यों से संवाद करते हुए आवासीय सुविधाओं के विस्तार, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र परिवार को आवासीय अधिकार एवं मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री द्वारा पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण भी किया गया। मौके पर ही समिति के 2400 वर्गफुट श्रेणी में डॉ. धनराज प्रसाद साहू, दुलीचंद देवांगन एवं एसएच खोड़यार को, 1800 वर्गफुट श्रेणी में भवानी शंकर पटनायक को इसी प्रकार 1500 वर्गफुट श्रेणी में आईएस परिहार, केदारनाथ प्रधान एवं श्रीमती बासंती सरकार को 1200 वर्गफुट श्रेणी में खगेश्वर पटेल एवं मथुरा प्रसाद नामदेव को मांग पत्र जारी किया गया।

### नौकरी का झांसा देकर छेड़खानी

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र में नौकरी का झांसा देकर महिला और उसकी नाबालिग ननद के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक ने दोनों को अपनी कार में बैठाया और एक सुनसान जगह पर ले गया, जहां उसने दोनों के साथ छेड़खानी की। इस संबंध में 15 वर्षीय नाबालिग ने बीते 24 अप्रैल घरघोड़ा थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी भाभी को 16 अप्रैल को एक अज्ञात युवक का कॉल आया था, जिसने अपना नाम विजय बताते हुए रायगढ़ की कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने 22 अप्रैल को दोबारा कॉल कर महिला को अमलीडीह बुलाया। वहां से दोनों को चिमटापानी के पास बुलाकर अपनी कार में बैठाया और सुनसान इलाके में ले गया। जहां उसने पहले महिला से छेड़खानी की और विरोध करने पर नाबालिग के साथ भी जबरदस्ती करने की कोशिश की। घटना के बाद आरोपी ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। आरोपी के मोबाइल नंबर की जांच करने पर उसकी पहचान सुरेन्द्र बेहरा निवासी रायकेरा के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसकी कार भी बरामद की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल और वाहन जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### उचित मूल्य दुकानों में चार दिनों से राशन वितरण बंद

**चांपा।** शहर की लगभग 7 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में बीते 3 से 4 दिनों से चावल का वितरण पूरी तरह बंद है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोज़ाना पीडीएस दुकान पहुंचने के बावजूद हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा इस माह पीडीएस दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को तीन महीने का चावल एक मुश्त दिया जा रहा है, जिसके कारण दुकानों में हितग्राहियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं समय कम होने के कारण लोग बड़ी संख्या में चावल लेने दुकान पहुंच रहे है, लेकिन विडंबना यह है कि शहर के बरछा पारा, मठ मंदिर क्षेत्र, हजारी गली, मंझली तालाब, महादेव घाट, सोनार पारा सहित कई इलाकों की राशन दुकानों में चावल उपलब्ध नहीं है।

## कई मोहल्लों में पतली हुई धार, कुछ में आधा घंटे ही हो पा रही सप्लाई

# गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ी खपत, ऊंचाई दूरी पर बसे मोहल्लों में पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायगढ़

गर्मी बढने के साथ ही नगर निगम क्षेत्र में नलों के आने वाले पानी धार पतली होने लगी है। भले ही नगर निगम जलापूर्ति में किसी प्रकार की समस्या नहीं होने की बात कहता है, लेकिन कुछ वार्ड ऐसे हैं, जहां सुबह शाम मिलाकर महज एक से डेढ घंटे तक ही जलापूर्ति हो जाती है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। मुख्य रूप में भू-जल स्तर में गिरावट की वजह से शहर के ऊंचाई पर बसे मोहल्लों में पानी की किल्लत बनी हुई है।

नगर निगम की मानें तो गर्मी को देखते हुए शहर के भीतर मौजूद सभी 11 पानी टंकियों से सुबह और शाम को पूरी क्षमता से जलापूर्ति की जा रही है। किंतु कुछ इलाके ऐसे हैं जहां अमृत मिशन के तहत लगे हुए नलों की धार पतली हो चुकी है। ग्रीष्म ऋतु से पहले जहां डेढ से दो घंटे तक पानी आता था, लेकिन अब आधे घंटे तक ही पानी आता है और यदि इस बीच बिजली गुल हो जाए तो पानी से वंचित होना पड जाता है। बीते कुछ दिनों से सुबह और शाम दोनों समय बिजली कटौती की जा रही है, ऐसे में अमृत मिशन के नलों से निकलने वाला पानी भी आना बंद हो जाता है। जिसके बाद लोगों के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता है। शहर के भीतर करीब 32 हजार कनेक्शन है, जिसमें 11 पानी टंकियों के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है। गर्मी बढने के साथ ही भू-जल स्तर नीचे चला जाता है, ऐसे में जहां सबमर्सिबल पंप के जरिए जलापूर्ति की जाती है, वहां काफी दिक्कत होती है। कुछ जगहों पर तो सबमर्सिबल पंप भी काम नहीं कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार ऊंचाई पर बसे होने और पानी टंकी से दूरी अधिक होने की वजह से शहर के दो वार्ड, वार्ड नंबर 25 कौहाकुण्डा और वार्ड नंबर 42 अमलीभौना में पानी की काफी किल्लत देखने को मिल रही है।



मोहल्ले में टेंकर से हो रही सप्लाई।

**एक परिवार में औसतन 750 लीटर की खपत**

इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों के अनुमान की बात करें तो प्रति व्यक्ति पानी की खपत शहर में 135 लीटर है, जबकि प्रति परिवार पानी की खपत की बात करें तो 750 लीटर एक परिवार पर खर्च होता है। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि गर्मी के दिनों में पानी की खपत करीब 20 से 25 फीसदी तक बढ जाती है।

**400 सबमर्सिबल पंप से आपूर्ति**

जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए 400 सबमर्सिबल पंप का संचालन किया जा रहा है। जिससे जलापूर्ति हो रही है। यदि भू जल स्तर में और भी गिरावट आती है तो ऐसे में परेशानी बढने की संभावना है। हालांकि निगम की मानें तो 16 पानी टैंकर की भी व्यवस्था है, इसमें प्रत्येक पानी टैंकर की क्षमता 3 हजार लीटर की है। यानी औसतन तीन वार्ड पर एक पानी टैंकर की व्यवस्था है।

> गर्मी में पानी की खपत बढ जाती है। इसलिए पूरी क्षमता के साथ जलापूर्ति की जा रही है। जिन मोहल्लों में पानी की समस्या सामने आती है, वहां टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।
>
> **सूरज देवांगन**
> एई, जल प्रभारी, नगर निगम



# 40 फीसदी परीक्षार्थी अनुपस्थित, 2 मिनट की देरी और परीक्षा से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायगढ़

व्यापमं द्वारा आयोजित मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा रविवार को आयोजित की गई, इस परीक्षा के लिए 70 केंद्र बनाए गए थे। इस परीक्षा में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों में से करीब 40 फीसदी ने परीक्षा ही नहीं दिलाई, वहीं दूसरी ओर जो देरी से पहुंचे वे भी परीक्षा दिलाने से वंचित हो गए और उन्हें वापस लौटना पड़ा।

महज 2 मिनट की देरी के कारण केन्द्र के कपाट बंद कर दिए गए, ऐसे में नाराज करीब 6 से 7 परीक्षार्थी कलेक्टोरेट भी पहुंचे। किंतु अवकाश होने की वजह से उनकी मुलाकात किसी से नहीं हो सकी और करीब आधे घंटे तक इंतजार करने के बाद वे बैरंग ही लौट आए। बता दें कि रविवार को मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 5 साल बाद आयोजित की गई। यह परीक्षा 200 रिक्त पदों के लिए आयोजित की गई थी, जिसके लिए 70 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। रविवार को आयोजित परीक्षा के लिए कुल 18 हजार 517 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 11 हजार 10 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वहीं 7 हजार 507 परीक्षार्थी शामिल नहीं हुए। इसमें वे भी परीक्षार्थी थे, जो महज कुछ मिनटों की देरी की वजह से परीक्षा में नहीं बैठ सके और उन्हें निराशा के साथ वापस लौटना पड़ा। यह परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:15 बजे तक चली। ज्ञात हो व्यापम ने परीक्षार्थियों के लिए स्पष्ट रूप से दिशा निर्देश जारी किए थे, कि उन्हें सुबह साढ़े 9 बजे से पहले पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंच जाना है, लेकिन कुछ मिनटों की देरी की वजह से कई परीक्षार्थियों को भीतर जाने नहीं दिया गया। ऐसे में वे परीक्षा केन्द्रों के मुख्य द्वार पर ही अंदर जाने की अनुमति मांगते नजर आए, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। इसी बीच कुछ परीक्षार्थी इस व्यवस्था से नाराज होकर कलेक्टोरेट भी पहुंच गए।

# खर्राघाट से छठघाट तक सीधी सड़क की सुविधा, आयुक्त ने लिया जायजा

**रायगढ़।** शहर के बहुप्रतीक्षित शनि मंदिर छठ घाट मरीन ड्राइव सड़क निर्माण कार्य का आज निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा निरीक्षण किया गया। विशेष बात यह रही कि अवकाश के दिन भी आयुक्त स्वयं निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर शहर के विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए गुणवत्ता बनाए रखने और कार्य में अपेक्षित गति लाने के निर्देश दिए।



सड़क निर्माण पूर्ण होने पर शहरवासियों सहित दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले लोगों को खर्राघाट से छठघाट तक आवागमन के लिए सीधी एवं सुगम सड़क की सुविधा मिलेगी, जिससे यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा। निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय ने बताया कि प्रगति नगर मरीन ड्राइव के निर्माण से खर्राघाट से लेकर छठघाट तक सीधा मार्ग उपलब्ध होगा। साथ ही भविष्य में इस मार्ग को बोदाटिकरा पुल तक विस्तारित करने की योजना है, जिससे शहर के बाहरी क्षेत्रों एवं हाईवे तक पहुंच और अधिक आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा के साथ समय की भी बचत होगी। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की गई तथा संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने स्पष्ट किया कि यह कार्य शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए किया जा रहा है, इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर निगम इंजीनियर्स, ठेकेदार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी जेल दाखिल

**रायगढ़।** नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को महिला थाना में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी भानु सिदार 27 निवासी ग्राम डूमरमुड़ा द्वारा उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की गई है। रिपोर्ट के अनुसार 22 अप्रैल की दोपहर करीब 3 बजे उसकी बेटी दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश में निकले। खोजबीन के दौरान पड़ोस के घर के पास नाबालिग घबराई हुई मिली, जिसने बताया कि रास्ते में भानु सिदार ने उसे रोककर छेड़छाड़ की, जिससे वह किसी तरह स्वयं को छुड़ाकर भागी। घटना के बाद परिवार में सलाह-मशविरा कर पीड़िता की मां ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने धारा 74,75(1)(i) बीएनएस और 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया।

# परिवार में खुद को कम अहमियत मिलने से नाराज युवक ने की मां की हत्या, गिरफ्तार

**रायगढ़।** एक बेटे ने अपनी मां को इसलिए मौत के घाट उतार दिया क्योंकि परिवार में उसकी अहमियत कम है। बेटे को क्यों ऐसा लगता है यह जांच का विषय है, लेकिकन मां-पिता कभी अपने बच्चों में भेदभाव नहीं करते।

यह मामला रैरूमाखुर्द पुलिस चौकी क्षेत्र का है जहां पारिवारिक विवाद ने एक खौफनाक मोड़ ले लिया, जहां एक बेटे ने अपनी ही मां की फावड़े से इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि परिवार में उसके अन्य भाई-बहनों की तुलना में उसकी पूछपरख कम होती थी। इसी बात से नाराज युवक ने फावड़े से जोरदार वार अपनी ही माँ की हत्या कर दी। युवक के सिर पर सवार गुस्से को देख वहां खडे उसके पिता ने किसी तरह घर से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं इस बीच पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद ने मौके पर पहुंच कर आरोपी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



- पिता ने घर से भागकर बचाई जान, रैरूमाखुर्द चौकी क्षेत्र का मामला

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रैरूमाखुर्द निवासी गणपत दास महंत 60 का छोटा बेटा आर्यन दास महंत 20 को इस बात से शुरू से ही नाराजगी रहती थी कि उसे उसके भाई-बहनों की तुलना में कम अहमियत दी जाती है। वह अक्सर इस बात से खफा रहता था, बीते 24 अप्रैल की रात को पूरा परिवार उनके किनारा दुकान में ही सोया हुआ था। अगली सुबह आर्यन शौच कर वापस लौटा और गुस्से में आगबबूला होकर अपनी माँ फुलबाई महन्त 55 वर्ष को दुकान से बाहर खींचकर जमीन पर गिरा दिया और घर में रखे फावड़े से उनकी गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे मौके पर ही फूलबाई की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आरोपी आर्यन दास फावड़ा लेकर अपने पिता को मारने के लिए आगे बढ़ा, ऐसे में उसके पिता ने किसी तरह से घर से भागकर अपनी जान बचाई और आस पडोस के लोगों को भी इस घटना के बारे में बताया। जिसके बाद ग्रामीणों की सहायता से इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही रैरूमाखुर्द चौकी प्रभारी विजय एक्का अपनी टीम के साथ पहुंचे और आरोपी आर्यन दास महंत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# कार की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदीझरिया निवासी वृद्ध सामान लेने के लिए जा रहा था, इसी बीच नेशनल हाइवे में तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आस पास मौजूद ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच कर आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामला पंजीबद्ध विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में पुनीराम सिदार पिता कमल सिंह सिदार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता कमल सिंह सिदार 65 वर्ष निवासी हरदीझरिया शनिवार की शाम करीब 4 बजे कुछ सामानों की खरीदारी करने के लिए जा रहे थे। इसी बीच नेशनल हाईवे में आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक 25 बीएच 3695 ने उन्हें ठोकर मार दी। जिससे उनके सिर, हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोंट आई। बताया जा रहा है कि कमल सिंह रोड पार कर रहे थे, इसी बीच यह हादसा हो गया। इस दुर्घटना में बुरी तरह से घायल कमल सिंह की मौत हो गई। इस हादसे के बाद वहां मौजूद ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।



# तीन महीने से फरार दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

**रायगढ़।** दुष्कर्म के एक फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मामला थाना कोतवाली क्षेत्र का है, जहां सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की एक महिला ने 31 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार जनवरी 2026 में उसकी पहचान ग्राम बरदुला निवासी भोजराम यादव से हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। आरोप है कि 16 जनवरी को आरोपी उसे जन्मदिन के बहाने रायगढ़ लेकर आया और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने काशीराम चौक बायपास स्थित एक किराए के मकान में करीब 20 दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में 24 मार्च को उसे गांव ले जाकर शादी से साफ इनकार कर दिया, मारपीट की और धमकी देकर छोड़ दिया। महिला की शिकायत पर कोतवाली थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 69, 75(3) और 115(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया था, जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी। पुलिस ने 23 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



## समितियों में पंजीयन के बाद सरसों बिक्री के लिए नहीं पहुंच रहे किसान

# सरकारी खरीदी पर संकट, बाजार में मिल रही ज्यादा कीमत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायगढ़

सरसों की सरकारी खरीदी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। कारण किसानों को बाजार में दस रुपए ज्यादा कीमत मिल रहा है। साथ ही किसानों के घर से ही व्यापारी सरसों उठा रहे हैं। ऐसे में उनका परिवहन खर्च भी बच रहा है।

हालात यह है कि अब तक केवल 300 क्विंटल ही सरकारी खरीदी हो पाई है, जबकि साढ़े 8 सौ किसानों ने सरकारी बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। ऐसे में किसानों को ज्यादा कीमत के साथ ज्यादा सुविधा मिल रही है। दूसरी ओर सरकारी खरीदी के लिए हर ब्लॉक में एक ही समिति को अधिकृत की गई है। इससे किसानों को दो-चार सौ अलग से खर्च कर वहां तक ले जाना पड़ रहा है। इसके कारण सरकारी खरीदी पर किसान भरोसा नहीं कर रहे हैं।

दरअसल इस बार पीएम आशा योजना के तहत सरसों की सरकारी खरीदी हो रही है। इसके लिए कीमत प्रति क्विंटल 6200 रुपए मिल रहा है। वहीं प्राइवेट दुकानदार 7200 में खरीदी कर रहे हैं। याने सरकारी से बाजार में किसानों को ज्यादा कीमत मिल रही है। इसके कारण सरकारी खरीदी काफी कम हो रही है। जबकि पहली बार जिले में सात सौ एकड़ से अधिक में सरसों की खेती की गई है। जानकारी के अनुसार सरसों की सरकारी बिक्री के लिए सात ब्लॉक में 843 किसानों ने 777.073 हेक्टेयर का पंजीयन हुआ है। ऐसे में अनुमानित 1500 क्विंटल खरीदी का टारगेट है। अब तक केवल 300 क्विंटल की खरीदी हुई है। हालांकि अभी पंजीयन के साथ खरीदी में काफी समय बाकी है। 30 अप्रैल तक अभी पंजीयन कराने का समय है और 15 मई तक खरीदी होगी।

- सरकारी कीमत 6200 तो प्राइवेट में मिल रहा 7200
- बिक्री के लिए एक ही समिति अधिकृत, यह भी किसानों के लिए बड़ी समस्या



**सबसे अधिक कोड़ातराई समिति में पंजीयन**

सरसों की सरकारी बिक्री के लिए सबसे अधिक कोड़तराई सहकारी समिति में 230 किसानों का पंजीयन हुआ है। इसके अलावा मुरा समिति में 138 किसानों का पंजीयपन हुआ है। तमनार में 86, धरमजयगढ़ 87, घरघोड़ा 78 और लैलूंगा ब्लॉक में 97 किसानों का पंजीयन हुआ है। अब तक खरीदी के आंकड़ें पर गौर करें तो रायगढ़ ब्लॉक में 79 क्विंटल, खरसिया में 49, तमनार 8, पुसौर में 141, धरमजयगढ़ 14 घरघोड़ा 3 और लैलूंगा ब्लॉक में अब तक 16 क्विंटल सरसों की खरीदी हुई है। अभी यह खरीदी बढ़ने की उम्मीद है।

# दो दिन से लापता नाबालिग की टीपाखोल में मिली लाश

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी नाबालिग बीते करीब दो दिनों लापता था। इसी बीच रविवार को टीपाखोल डेम में उसकी बाइक मिली, जब डेम में गोताखोर शव ढूढने के लिए पानी में गए, जब उसकी लाश बरामद की गई। आशंका व्यक्त की जा रही है कि नाबालिग की डूबने से मौत हुई होगी, हालांकि पुलिस ने शव का पंचनामा कराने कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के जेपीएल में कार्यरत दिलीप वैष्णव का 17 वर्षीय बेटा सार्थक वैष्णव बीते करीब दो से लापता था। वह घर से शनिवार की सुबह अपनी बाइक लेकर निकला था, लेकिन रात तक वापस घर नहीं लौटा। ऐसे में उसके परिजनों ने थाने पहुंच कर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी बीच टीपाखोल डेम के पास एक अज्ञात बाइक मिलने की सूचना पुलिस को मिली। जब बाइक के बारे में जानकारी एकत्र की गई तब पता चला कि यह बाइक सार्थक की ही है। ऐसे में यह स्पष्ट हो गया कि इसी जगह पर कुछ अनहोनी हुई है। डूबने की आशंका पर डेम में ही गोताखोरों ने खोजबीन शुरू की, तब वहां उन्हें एक शव मिला। जिसकी पहचान सार्थक वैष्णव के रूप में की गई। फिलहाल पुलिस ने सभी दस्तोवजी औपचारिकताएं पूरी करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### सारंगढ़ में रोजगार मेला कल

**सारंगढ़।** कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 28 अप्रैल को शासकीय सेजेस स्कूल खेलभांठा सारंगढ़ में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी के पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। इस रोजगार मेला में शामिल होने के लिए ऑनलाईन पोर्टल ईरोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला के लिए पंजीयन आवश्यक है। जिन आवेदकों ने ऑनलाईन पोर्टल में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पंजीयन नहीं किया है, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के आवेदकों का इंटरव्यू लिया जाएगा।

### खेल अकादमी में चयन के लिए 28 से ट्रायल

**सारंगढ़।** जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से रायपुर स्थित आवासीय खेल अकादमी में विभिन्न खेलों के लिए चयन ट्रायल 28 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित किया जाएगा। प्रभारी खेल अधिकारी ने जानकारी दी कि हॉकी बालक बालिका, तीरंदाजी बालक बालिका, फुटबॉल केवल बालिका, वेटलिफ्टिंग बालक बालिका व एथलेटिक्स बालक बालिका खेलों में प्रवेश के लिए यह चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। तीरंदाजी फुटबॉल व वेटलिफ्टिंग के लिए ट्रायल 28 से 29 अप्रैल तकए हॉकी व एथलेटिक्स के लिए 30 अप्रैल से 01 मई तक ट्रायल होंगे। ट्रायल में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की आयु 13 से 17 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। चयनित खिलाड़ियों को आवासीय सुविधा के साथ शिक्षा, भोजन, बीमा, खेल किट एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आज तक

सारंगढ़। बीएससी नर्सिंग, पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए व्यापम की वेबसाईट सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा इसके लिए राज्य के सभी 33 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### गोमती ने दी श्रद्धांजलि



**रायगढ़।** कुनकुरी बंदर चुआ में सीएम के निज सहायक दीपक अंधारे के चचेरे भाई एवं विनायक अंधारे के सुपुत्र स्व. विवेक अंधारे के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अल्प आयु में उनके निधन को अत्यंत दुःखद एवं परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया। ईश्वर से प्रार्थना करते हुई श्रीमती साय ने कहा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

### कल से 15 दिवसीय सघन जांच अभियान का होगा आगाज

# सावधानः खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने पहुंचेगी टीम, खराब मिली तो होगी जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि खाद्य पदार्थों का आप व्यवसाय करते हैं तो सावधान हो जाएं। आपके दुकान पर जांच करने प्रशासन की टीम पहुंचने वाली है। यदि खराब या अशुद्ध खाद्य पदार्थ मिली तो आपको जेल भी जाना पड़ सकता है। इस टीम में दर्जन भर से अधिक अधिकारी शामिल हैं। यह टीम होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, किराना दुकानों और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में जांच कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और मानकों की पड़ताल करेगी।

वहीं औषधि प्रकोष्ठ में सहायक औषधि नियंत्रक, सहायक संचालक औषधि, औषधि निरीक्षक और नमूना सहायक के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम शामिल रहेगी। यह दल मेडिकल स्टोर्स, थोक दवा विक्रेताओं और प्रसाधन सामग्री विक्रय केंद्रों की जांच कर नकली, एक्सपायरी या बिना लाइसेंस की दवाओं की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करेगा। अभियान के दौरान संदिग्ध खाद्य पदार्थों और दवाओं के नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेजे जाएंगे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आम जनता को सुरक्षित दवा उपयोग, संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**टीम में दर्जन भर अधिकारी हैं शामिल**



**कब से कब तक होगी जांच**

जिले में कल से 11 मई तक 15 दिनों तक विशेष जांच अभियान चलेगा। सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर आधारित इस अभियान का उद्देश्य न केवल मिलावट खोरी और नकली दवाओं के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाना है बल्कि आमजन में सुरक्षित दवा उपयोग और स्वच्छ, पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

**सीईओ ने लिया बैठक**

अभियान को सफल बनाने के लिए जिले स्तर पर प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में अभियान के उद्देश्यों, कार्ययोजना और निगरानी व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# बेलटीकरी छपोरा में हो रहा अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

अनुविभागीय मुख्यालय बिलाईगढ़ के समीप बेलटीकरी, छपोरा, दुम्हानी में अवैध पत्थर और चूना पत्थर का अवैध कारोबार बेधड़क चल रहा है। शासन के कड़े नियमों के बावजूद, खनन माफिया बेखौफ होकर रात.दिन धरती का सीना चीर रहे हैं। आलम यह है कि बिना किसी पर्यावरणीय अनुमति के सैंकड़ों फीट गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं, जिससे न केवल राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि पर्यावरण को भी अपूरणीय क्षति पहुँच रही है।

बेलटीकरी छपोरा दुम्हानी और आसपास के गांवों में चल रहे बड़ीद्द बड़ी अवैध खदानों के विरोध के बीच चल रहे अवैध खनन ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ग्राम पहुंच मार्ग जो भारी वाहनों मशीनों के लिए प्रवेश प्रतिबंध होता है। बावजूद धड़ल्ले से भारी वाहन चलता है जिससे धूल के गुबार उड़ने से सांस लेना दूषित हो गया है और रोड भी ज़र्जर हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विरोध करने पर उन्हें डराया जाता है।

**पर्यावरण और जलस्तर पर संकट**

अवैध खनन के कारण क्षेत्र का भू जल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। गहरे गड्ढों के कारण प्राकृतिक जल स्रोत सूख रहे हैं, जिसका सीधा असर आम जनता को पेय जल संकट खेती और मवेशियों पर पड़ रहा है। खनन माफियों द्वारा मुख्य नहर लाइन को भी नहीं छोड़ा। अवैध रूप से खनन करने वाले खनन माफियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि मुख्य नहर को भी नहीं छोड़ा गया।

**गहरे खाई से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

खनन माफियों द्वारा बेलटीकरी नहर लाइन की ज़मीन को खोदने से नहर किनारे खाई में तब्दील हो गया है कभी भी आम जनता या पालतू मवेशी गिर सकते हैं और बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना बनी हुई है। विद्युत विभाग कनिष्ठ अभियंता भी अवैध खनन में शामिल खदानों में कनेक्शन अवैध रूप से बिजली की वितरण की जा रही है जबकि पूर्ण रूप से सभी खदान अवैध है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**रायगढ़।** 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी विकासखण्डों में भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मलेरिया से बचाव और रोकथाम के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टीजी कुलवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले कुछ वर्षों में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में जहां जिले में 1055 मलेरिया प्रकरण सामने आए थे, वहीं 2019 में यह संख्या घटकर 824 और 2020 में 363 रह गई। निरंतर प्रयासों के चलते वर्ष 2025 में यह आंकड़ा घटकर मात्र 68 रह गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि जिले के 7 विकासखण्डों में से 4 अति संवेदनशील क्षेत्रों पर अभी भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बनी हुई है।

# 4 मई से 10 जून तक जनसमस्या निवारण शिविर, 5 चरणों में होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ 4 मई से 10 जून तक जनसमस्या निवारण शिविर, 5 चरणों में होंगे 27 कैंप

जिले के सभी विकासखंडों में 4 मई से 10 जून तक पांच चरणों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें कुल 27 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाना है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनका त्वरित निराकरण करेंगे। साथ ही, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

प्रथम चरण के अंतर्गत 4 से 12 मई तक 7 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 4 मई को धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम खम्हार स्थित हाईस्कूल प्रांगण में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें क्लस्टरवार 17 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में 5 मई को रायगढ़ विकासखंड के लोईंग स्थित हाईस्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 21 ग्राम पंचायतें शामिल रहेंगी। 6 मई को लैलूंगा विकासखंड के ग्राम पंचायत झगरपुर के बाजार प्रांगण में आयोजित शिविर में 18 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया है। 7 मई को पुसौर विकासखंड के ग्राम औरदा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित शिविर में 22 ग्राम पंचायतों की भागीदारी रहेगी, जबकि 8 मई को खरसिया विकासखंड के ग्राम सरवानी के हाईस्कूल परिसर में आयोजित शिविर में 20 ग्राम पंचायतें शामिल होंगी। द्वितीय चरण के अंतर्गत 13 से 20 मई तक 6 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस चरण की शुरुआत 13 मई को धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत हाटी स्थित सामुदायिक भवन कोरबा रोड में आयोजित शिविर से होगी, जिसमें क्लस्टरवार 19 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। तृतीय चरण के अंतर्गत 21 से 29 मई तक जिले के विभिन्न विकासखण्डों में कुल 6 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 मई को विकासखण्ड धरमजयगढ़ के बायसी कॉलोनी स्थित प्राथमिक शाला परिसर में शिविर आयोजित होगा, जिसमें क्लस्टरवार 19 ग्राम पंचायत शामिल होंगी। इसी क्रम में 22 मई को विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम कांशीचुआ के हाईस्कूल मैदान में आयोजित शिविर में 21 ग्राम पंचायतों की भागीदारी रहेगी। पंचम चरण के अंतर्गत 8 से 10 जून तक जिले में 3 शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# हर घर नल से घर घर पहुंचा स्वच्छ पेयजल

**रायगढ़।** कभी पेयजल संकट से जूझता विकासखंड घरघोड़ा का ग्राम सुहाई आज बदलाव और विकास की एक प्रेरक पहचान बन चुका है। यह गांव जिला मुख्यालय से लगभग 49 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। जहां पहले स्वच्छ पानी के लिए ग्रामीणों को रोजाना संघर्ष करना पड़ता था। सुबह होते ही महिलाएं और बच्चे पानी लाने के लिए दूर दराज के कुओं और हैंडपंपों की ओर निकल पड़ते थे, जहां घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी मिलना तय नहीं होता था। बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती थी, जब दूषित जल के उपयोग से बीमारियां फैलती थीं और पूरे गांव का स्वास्थ्य प्रभावित होता था। जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन ने गांव में पाइपलाइन बिछाकर हर घर तक नल कनेक्शन पहुंचाए गए हैं, जिससे अब सभी परिवारों को नियमित रूप से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिल रहा है। इस बदलाव ने ग्रामीणों की दिनचर्या को पूरी तरह बदल दिया है। अब न तो पानी के लिए भटकना पड़ता है और न ही घंटों इंतजार करना पड़ता है। इससे समय और श्रम की बचत हुई है, स्वच्छता का स्तर बेहतर हुआ है और जलजनित बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। ग्राम सुहाई की श्रीमती शरनमती इस सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त मिसाल हैं।



# निगम आयुक्त ने किया कार्यालय का निरीक्षण अनुपस्थिति पर एक कर्मचारी को किया सस्पेंड



■ आयुक्त ने सुबह पहुंचकर वाहन विभाग के कर्मचारियों एवं स्वक्षता कमांडो की स्वयं लिया अटेंडेंस

**रायगढ़।** नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने आज सुबह नगर निगम के वाहन विभाग एवं कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं स्वच्छता कमांडो सहित वाहन विभाग के ड्राइवर, खलासी एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज की। इसी तरह लगातार अनुपस्थिति कार्यालय व्यवस्था प्रभावित पाए जाने पर रोशन सोना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने आम नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर निगम कार्यालय की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव करने का निर्णय लिया। उन्होंने कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में यह सामने आया कि नगर निगम के विभिन्न विभाग अलग-अलग स्थानों पर संचालित होने के कारण नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए आयुक्त ने टेक्निकल विभाग से जुड़े सभी कार्यों को एक ही छत के नीचे नए पानी टंकी के नीचे कार्यालय बनाकर संचालित करने के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को त्वरित एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध हो सकें। आयुक्त श्री क्षत्रिय कहा कि कार्यालय का नया स्वरूप ऐसा विकसित होना चाहिए, जहां आमजन को सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर आसानी से प्राप्त हों और उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता एवं सेवा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# शिवरीनारायण-गिधौरी और भटगांव-बिर्रा पुल की होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

छत्तीसगढ़ के जनजीवन से जुड़े दो महत्वपूर्ण महानदी सेतुओं शिवरीनारायण-गिधौरी महानदी और भटगांव-बिर्रा महानदी पुल की अत्यंत जर्जर एवं दुर्घटना संभावित स्थिति को देखते हुए लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग बिलासपुर ने तत्काल सीमेंट कंक्रीट ओवरले द्वारा पुनर्निर्माण एवं मरम्मत की उच्चस्तरीय अनुशंसा कर दी है।

विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि दोनों पुलों पर भारी वाहनों के आवागमन के कारण दुर्घटना की लगातार आशंका बनी हुई है। पुल पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं, जिससे आम जनता की जान को गंभीर खतरा हो गया है। विभाग ने तत्काल स्थल निरीक्षण कर विशेष मरम्मत प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यह त्वरित कार्रवाई भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बेदराम जांगड़े द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से आग्रह किए गए दो महत्वपूर्ण सेतु के लिए की गई पहल से हुई है। है। श्री जांगड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पीडब्ल्यूडी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल के आशीर्वाद कुशल नेतृत्व में सरकार जनता की सुरक्षा और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। दोनों पुलों पर शीघ्र ही ठोस कार्रवाई शुरू होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रवासियों को सुरक्षित आवागमन की राह मिल सकेगी।




**जैतपुर हसौद पुल में बंद है आवागमन**

इस पुल पर बड़ी गाड़ियों का आवागमन कई वर्षों से बंद है। क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए इसे शीघ्र खोलने हेतु सरकार से आग्रह किया गया है। आप सभी के आशीर्वाद से इसकी प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और बहुत जल्द ही इसे खोल दिया जाएगा।

# सुमित का देहदान, एक साल बाद जम्मू राजभवन में सम्मानित हुआ परिवार

**रायगढ़।** मृत्यु के बाद संसार में जीवित रहने का कोई विकल्प नहीं क्योंकि मौत पर किसी का जोर नहीं चलता, पर मौत के बाद भी किसी के काम आकर ही इस नश्वर संसार में अमरत्व को हासिल किया जा सकता है। रायगढ़ निवासी स्व. सुमित टांक ने जम्मू में मृत्यु उपरांत देहदान कर यह अमरत्व पाया है। एक साल पहले जम्मू में हुए असामयिक निधन के बाद परिवार ने उनका देहदान गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, जम्मू में कर दिया था। आज जम्मू कश्मीर के राज्यपाल ने राजभवन में आयोजित अंगदान देहदान सम्मान समारोह में राज्यपाल ने देहदान करने वाले परिजनों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



**न्यायालय नायब तहसीलदार तमनार, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक..../ अ-6 अ/25-26
साकिन पूंजीपथरा प.ह.न. 09

1. राजकुमार पिता पुनीराम जाति कंवर निवासी ग्राम पूंजीपथरा तहसील तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.) 2. रत्ना पिता पुनीराम जाति कंवर निवासी ग्राम पूंजीपथरा तहसील तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.) .........आवेदकगण

बनाम

ननकीराम पिता रामलाल जाति कंवर निवासी ग्राम पूंजीपथरा तहसील तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.) ..............अनावेदक

चूंकि आवेदक राजकुमार पिता पुनीराम व अन्य 01 जाति कंवर निवासी ग्राम पूंजीपथरा जिला-रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पूंजीपथरा स्थित शामिल खाते की भूमि कुल खसरा नंबर 02 रकबा 1.846 हे. भूमि है। बी-1 वर्ष 2016-17 खाता क्रमांक 53 एवं वर्ष 2018-19 मे खाता क्रमांक 51 मे आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज हुआ है। किन्तु वर्तमान बी-1 निकालने से त्रुटिवश आवेदकगण के नाम के स्थान पर अनावेदक का नाम दर्ज दिखाई दे रहा है। उक्त भूमि के वर्तमान बी-1 में त्रुटिसुधार करते हुये आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन पेश किया गया है। जिसका आगामी पेशी दिनांक 30/04/2026 को दिन के प्रातः 11.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उक्त तिथि पर आपकी उपस्थिति हेतु पेपर प्रकाशन के माध्यम से नोटिस जारी किया जाता है कि यदि उक्त दावा मे आप हित रखते हो तो आप उक्त तिथि को स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। अन्यथा आपके विरूध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर आपके अनुपस्थिति मे प्रकरण मे कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 17/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

नोटः- यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

नायब तहसीलदार, तमनार

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी घरघोड़ा जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक 55 अ/2023
पेशी तारीख 18.06.2026
प्रोसेस नम्बर 201/2026
जौहरी एवं अन्य ..... आवेदकगण
बनाम
खेमानिधि मृत के वारिसान प्रेमलता एवं अन्य..... अनावेदकगण

बनाम- निर्मला पति अनुज, पिता नान्हीलाल, उम्र लगभग 54 वर्ष, निवासी केलो विहार रायगढ़, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये निर्मला पति अनुज, पिता नान्हीलाल को सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत से (जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी प्राप्त हो) सुनवाई दिनांक 18.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब सह दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस न्यायालय द्वारा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

इस न्यायालय का मुद्रा एवं हस्ताक्षर द्वारा दिनांक 15.04.2026 को जारी किया गया।

(प्रीति झा)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी घरघोड़ा, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

